हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


11 सावन के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भोले के भक्तों की भीड़





11 नशा न करने बारे किया जागरूक




## खबर संक्षेप

### मरम्मत कार्य के चलते बिजली आज रहेगी बाधित

जींद। सेक्टर आठ के 33 केवी सब स्टेशन एसएसए धर्मवीर ने बताया कि सेक्टर आठ स्थित 33 केवी सब स्टेशन पर 12 जुलाई को सुबह आठ बजे से लेकर दस बजे तक मरम्मत का कार्य चलेगा। इस कारण सेक्टर छह, सात, आठ, नौ, सेक्टर 11, गोहाना रोड, कृष्णा कॉलोनी, कौशिक नगर, रानी तालाब, हाउसिंग बोर्ड, स्कीम नंबर पांच, छह और 19, विजय नगर, हनुमान नगर, शिव कॉलोनी और हाउसिंग बोर्ड में दो घंटे बिजली सप्लाई आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पिस्तौल के बल पर लूट का आरोपित गिरफ्तार

कैथल। राजौंद थाना क्षेत्र से पिस्तौल के बल पर नकदी व मोबाइल लूटने के मामले मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला करनाल के गांव ललैण निवासी पवन कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### रंजिशन हमला करने पर दो नामजद

जींद। चौपडा पत्ती नरवाना में रंजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौपडा पत्ती निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोहल्ला के ही सेशा तथा जयभगवान से कहासुनी हो गई थी। जब वह घर की तरफ लौट रहा था तो रास्ते मे दोनों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### गाड़ी चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

कैथल। पुंडरी क्षेत्र से गाड़ी चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी कौथ कलां जिला हिसार निवासी राजीव उर्फ गोलू व शीतल नगर जिला रोहतक निवासी नीरज को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुंडरी निवासी सतपाल निवासी की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### प्रिंसिपल की हत्या की घटना पर जताया रोष

जींद। इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने कहा कि बांस गांव के करतार सिंह मेमोरियल स्कूल में स्कूल के छात्रों द्वारा ही स्कूल के संचालक जगबीर सिंह पानू को मौत के घाट उतार दिया गया। इंडियन नैशनल लोकदल पार्टी इस घटना की भत्र्सना करते हुए निंदा करते हैं और भगवान से प्रार्थना करते हैं की जगबीर सिंह पानू की आत्मा को परमात्मा अपने श्रीचरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें और परिवार को इस घटना से उभरने की शक्ति प्रदान करें।

### होम लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

कैथल। जिले के रसूलपुर गांव निवासी तरसेम लाल ने थाना सीवन में शिकायत दर्ज करवाई है कि एक लोन एजेंट ने उससे होम लोन दिलाने के नाम पर 45 हजार रुपये की धोखाधड़ी की और जब पैसे वापस मांगे तो धमकी देने लगा। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता तरसेम लाल ने बताया कि करीब एक महीने पहले वह संजय निवासी मूंडड़ी के संपर्क में आया था।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव अलेवा से संदिग्ध हालात में महिला के गायब होने अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अलेवा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ जुलाई को उसकी 25 वर्षीय पुत्रवधु घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पुत्रवधु का कोई सुराग नही लगा।

## सीएम आज आमजन से मिलने के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ करेंगे संवाद, कल सुबह 5 बजे हॉफ मैराथन को दिखाएंगे झंडी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज दोपहर कैथल पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

13 जुलाई को आयोजित होने वाली हॉफ मैराथन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार सायं डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी ने मैराथन रूट सहित 12 जुलाई को आयोजित होने वाली बैठकों को लेकर आरकेएसडी कॉलेज का दौरा किया। जहां तैयारियों की समीक्षा करते अंतिम रूप दिया। डीसी ने आमजन का आह्वान किया है कि वे हॉफ मैराथन में बढ़चढ़ कर भाग लें। डीसी एसपी ने प्रिंसिपल कक्ष, मुख्य सभागार कक्ष का दौरा किया। पार्किंग एरिया का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों ने मैराथन रूट का बारीकि से निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

निरीक्षण के दौरान मीडिया से बातचीत में डीसी प्रीति ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार 12 जुलाई बाद दोपहर कैथल पहुंचेंगे। जहां वे आरकेएसडी कॉलेज में आमजन से मिलने के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। इसके साथ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। रविवार सुबह यानी 13 जुलाई को सुबह पांच बजे हॉफ मैराथन का आयोजन होगा। जिसे मुख्यमंत्री हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कहा कि हॉफ मैराथन को लेकर जिले में विशेष उत्साह बना है। अब तक भारी संख्या में लोगों ने हॉफ मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। 12 व 13 जुलाई को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए हैं। जिलावासियों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में माननीय मुख्यमंत्री की नशा विरोधी मुहीम में शामिल होकर ड्रग फ्री हरियाणा मिशन को सफल बनाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, आरकेएसडी कॉलेज के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, प्रिंसिपल एसएस मैहला, प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष श्याम बंसल, भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू, मनीष शर्मा मौजूद रहे।



कैथल। डीसी प्रीति व एसपी आस्था मोदी ने मैराथन की तैयारियों का जायजा लेते। फोटो :हरिभूमि

**1500 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई:** एसपी आस्था मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मैराथन रूट पर करीब 1500 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। दूसरे जिलों से दो डीएसपी की अगुवाई में एक कंपनी अतिरिक्त तौर पर तैनात की है। कहा कि सरकार द्वारा नशा विरोधी मुहीम के तहत पुलिस ने कई गांवों को नशामुक्त घोषित किया है। ये एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए लोग हॉफ मैराथन में भाग लेकर ड्रग फ्री हरियाणा के संकल्प को मजबूत करें।

### विजेताओं को नकद पुरस्कार

डीसी प्रीति ने बताया कि 21 किमी की हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 1.21 लाख, द्वितीय को एक लाख तथा तृतीय को 75 हजार रुपये का नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं 10 किलोमीटर मैराथन में प्रथम विजेता को एक लाख रुपये, द्वितीय को 75 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 50 हजार की नकद इनाम दिया जाएगा। पांच किमी की दौड़ रन फॉर फन होगी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग कैटेगरी बनाई गई है। पांच किलोमीटर मैराथनः अंबाला रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से शुरू होकर आरकेएम पैलेस तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। (ढाई किलोमीटर एक साइड कुल आना-जाना पांच किलोमीटर) 21 किलोमीटर मैराथनः लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से एचसीटीएम कालेज तक जाकर वापस विश्राम गृह में समाप्त होगी। प्रतिभागी को आने-जाने के दो चक्कर लगाने होंगे।



अलेवा। बधाना गांव जलघर में दिखाई देते भरे पानी के टैंक। फोटो :हरिभूमि

## कर्मियों की मनमानी ग्रामीणों पर भारी, पेयजल के लिए तरस रहे

- कर्मचारी एक दूसरे की ड्यूटी बता पानी छोड़ने से कर रहे इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

गांव बधाना स्थित जलघर में कर्मचारियों की मनमानी के चलते ग्रामीणों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। कर्मचारी एक दूसरे की ड्यूटी बता कर कई दिनों से सप्लाई देने से मना कर रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लाले पड़े है। ग्रामीण रामकरण, राजेश, कुलवंत, जोगिंद्र, काला आदि ने बताया कि विभाग के अधिकारियों के अनुसार बधाना गांव स्थित जलघर में विभाग की तरफ से आउटसोर्स पालिसी के तहत चार कर्मचारियों की नियुक्ति की हुई है लेकिन कर्मचारी अपनी ड्यूटी को छोड़कर हाजिरी लगाकर अपने घरों के कामों में व्यस्त हो जाते हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को पीने का पानी भी नसीब नही हो रहा है। यही नहीं कर्मचारी एक दूसरे की ड्यूटी बता कर विभाग द्वारा निर्धारित समय पर ग्रामीणों को पीने के पानी की सप्लाई नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों को निर्धारित समय के अनुसार पीने के पानी की सप्लाई नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों को कर्मचारियों की मनमानी के चलते पीने के पानी के लिए दूर-दराज खेतों का रूख करना पड़ता है। जिसके कारण ग्रामीणों को आर्थिक तथा मानसिक परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर कर्मचारियों को जलघर से पीने के पानी की सप्लाई छोडऩे बाबत बात की जाती है तो उनके द्वारा एक दूसरे की डयूटी बताकर अपने तरफ से पल्ला झाड़ लिया जाता है। मामले को लेकर जलापूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं।

### नोटिस दिया जाएगा : जेई

जलापूर्ति विभाग के जेई ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। कर्मचारियों को इस बाबत नोटिस देकर उनसे जवाब मांगा जाएगा। लोगों की समस्या को लेकर किसी कर्मचारी को खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। लोगों को पीने का पानी उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिकता है।

## बीएंडआर तथा बिजली निगम अधिकारियों को फटकारा

## डिप्टी स्पीकर ने ली अधिकारियों की क्लास अपना काम न करने वाले अफसर रडार पर

### मेडिकल कालेज में अगस्त माह से ओपीडी प्रारंभ करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हैबतपुर में बन रहे मेडिकल कालेज में अगस्त माह से ओपीडी शुरू हो जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। जिसके लिए करोड़ों रुपये धन राशि से जींद में मेडिकल कालेज बनाया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कालेज में अगले माह से ओपीडी सेवाएं शुरू करवाई जानी है। इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाए। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे और विकास परियोजनाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने बीएंडआर तथा बिजली निगम अधिकारियों को फटकार भी लगाई। कहा कि सड़कों के हालात खराब हो चुके हैं। उन्होंने पहले अधिकारियों से पूछा था तो उन्हें बताया था कि सड़कों के हालात ठीक हैं। जिसके चलते नौ करोड़ वापस चले गए। बिजली निगम की शिकायतें भी बहुत ज्यादा हैं। रात को कंट्रोल रूम में तैनात कर्मी लोगों का फोन नही उठाते। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिकारी ऐसे कर्मियो के खिलाफ कार्रवाई करे। ऐसा न हो की उनके हाथो किसी का बूरा हो जाए। जन समस्याओ का निपटान प्राथमिकता के आधार पर करें। डा. मिड्ढा ने कहा कि जिला नगर योजनाकार शहर की भविष्य की जरूरतों के अनुरूप वर्ष 2041 का मास्टर प्लान तैयार करें ताकि शहर का सर्वांगीण विकास हो सके। शहर में शीघ्र ही बौटेनिकल गार्डन बनाया जाएगा। इसके लिए करीब 150 करोड़ की राशि मंजूर करवाई गई है। विधानसभा क्षेत्र में जितनी भी विकासात्मक योजनाएं चल रही है, उन्हें समयबद्ध पूरा किया जाए ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। शहर की जरूरत को देखते नप की सीमा में विस्तार किया जाएगा ताकि बढी हुई सीमा के अन्तर्गत आने वाले लोगों को लाभ मिल सके। डा. मिड्ढा ने कहा कि जल्द ही शहर के लिए स्थाई गौशाला बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते 25 एकड़ में आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ गौशाला का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, सरकार तथा आमजन का सहयोग लिया जाएगा। वर्तमान समय में भिवानी रोड पर अस्थाई गौशाला व नंदीशाला चल रही है। इसके बाद भी दूरदराज क्षेत्र से गौवंश शहर में आ जाता है। जिससे कारण आए दिन सड़कों पर दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। लोगों की धार्मिक भावनाओं के दृष्टिगत को देखते मीट मार्किट को स्थानांतरण की दिशा में कार्य किया जाए।



जींद। अधिकारियों की मीटिंग लेते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जिप सीईओ अनिल दून, डीएमसी सुरेन्द्र दून, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता आरके नैन, सतीश गर्ग, भानू शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर काम करें

डा. मिड्ढा ने कहा कि जींद शहर के सौंदर्यीकरण के लिए सभी प्रवेश स्थलों पर द्वार, फ्लेक्स बोर्ड, वॉल पेंटिंग व अन्य आधुनिक सुशोभित कार्य किए जाए ताकि शहर में प्रवेश करते समय शहर की सुंदरता देखने को बन सके। शहर से बरसाती पानी निकासी के लिए संबंधित विभागों द्वारा किए गए कार्यों का जिक्र करते कहा कि आज पूरे प्रदेश में जींद शहर अव्वल दर्जा हासिल कर चुका है। जहां बरसाती पानी निकासी के लिए कम से कम समय लगता है।

### शहर में स्वच्छता का रखा जाए विशेष ध्यान

कहा कि शहर में विशेष तौर पर सफाई अभियान चलाकर इधर.उधर पड़े मलबे को हटाना सुनिश्चित करे। जिन वार्डो में गलियां निर्माण का कार्य चल रहा हैंए उन्हें शीघ्र पूरा करे। कंडेला गांव में लगभग 24 करोड़ की लागत से सीएचसी का निर्माण होना है। इसके लिए जल्द ही टैंडर प्रक्रिया पूरी की जाए। खोखरी गांव में गंदे पानी की निकासी कार्य को जल्द दुरूस्त करवाया जाए। उन्होंने बिंदूवार विकासात्मक परियोजनाओं की फिडबैक लेते हुए अधिकारियों को तय समय में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

## जलनिकासी न होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते में बिना बारिश के पानी भरा रहता है। यहां पर करीब 14 साल पहले गली निर्माण हुआ था। तब से लेकर आज तक गली निर्माण को लेकर बार.बार मांग करने के बाद भी निर्माण नही हो रहा है। यहां पर सीवरेज जाम रहने से भी पानी ओवरफ्लो होकर गली में भर जाता है।

सावन माह शुरू होने से मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ यहां स्थित स्कूल आने.जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी होती है। गंदे पानी से होकर ही आवागमन श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों के साथ हर किसी को करना पड़ रहा है। उचाना कलां आने के लिए रेलवे स्टेशन से ये प्रमुख रास्ता है। शहर की तरफ जाने वाले लोग भी इस रास्ते से होकर ही आते-जाते हैं। शुभम शर्मा, चरणदास, राजबीर ने कहा कि बिना बारिश के ही पानी गली में भरा रहता है। प्राचीन शिव मंदिर के साथ.साथ अन्य प्रमुख जगहों पर जाने वाला मेन रास्ता ये है। बार-बार मांग करते आ रहे है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। बिना बारिश के ही यहां पर जलभराव होने से यहां स्थित मकानों में रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



उचाना। उचाना कलां शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते में भरा बिना बारिश पानी।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी दबोचा

कैथल। पार्क रोड कैथल स्थित शीतलपुरी डेरे के तालाब के पास युवक दीपक का शव मिलने के मामले की जांच थाना शहर एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में पीएसआई सुमित कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सिरटा रोड़ कैथल निवासी चिंकी, सनसिटी कैथल निवासी नितिन तथा चमेला कालोनी नरवाना निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बालु निवासी महेंद्र पाल की शिकायत अनुसार उन्हें 8 जुलाई की सुबह सूचना मिली कि उनके 30 वर्षीय बेटे दीपक का शव तालाब के पास पड़ा है। वह मौके पर पहुंचे उन्होंने मान लिया कि उसके बेटे की मौत नशे से हुई है और उस समय उन्होंने किसी पर शक न करते हुए कोई कानूनी कार्रवाई न करने की बात लिखकर दी।

## तेज रफ्तार हाइड्रोलिक मशीन ने पैदल जा रही महिला को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नरवाना के रेलवे रोड पर शुक्रवार को तेजरफ्तार हाइड्रोलिक मशीन ने बाजार की तरफ पैदल जा रही महिला को रौंद डाला। जिसमें महिला की नागरिक अस्पताल नरवाना में मौत हो गई। शहर थाना नरवाना पुलिस हाईड्रोलिक मशीन को कब्जे मे ले फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामनगर निवासी गीता (47) शुक्रवार को कार्यवश पैदल बाजार की तरफ जा रही थी। जब वह रेलवे रोड पर शनि मंदिर के निकट पीछे से आ रही तेजरफ्तार हाइड्रोलिक मशीन ने गीता को चपेट मे लिया और उसे रौंदती हुई निकल गई। घटना को अंजाम देकर चालक मशीन को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने महिला को गभीर हालात मे नरवाना के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनो की शिकायत पर फरार हाइड्रोलिक मशीन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जींद। वह हाइड्रोलिक मशीन, जिसने महिला को चपेट में लिया।

सुविधा

## रूट बदलने से यात्रियों की संख्या में हुआ इजाफा

## जींद से मथुरा के लिए जाने वाली रोडवेज बस के रूट में बदलाव

रूट बदलाव होने के कारण आधा घंटे पहले पहुंच रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद से मथुरा के लिए जाने वाली रोडवेज बस के रूट में फेरबदल किया गया है। इससे यात्री पहले की अपेक्षा आधा घंटा मथुरा पहुंच रहे हैं। वहीं रूट बदलने पर बस में यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पहले बस सुबह छह बजकर 50 मिनट पर जींद से चल कर रोहतक, दिल्ली, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल होते हुए दोपहर बाद दो से ढाई बजे के बीच मथुरा पहुंचती थी। वहां से तीन बजे जींद की तरफ वापसी करती थी और रात को 10 बजे के करीब बस जींद पहुंचती थी। अब जींद से बस चलकर गुरुग्राम से होकर मथुरा जा रही है। पहले जब बस दिल्ली के रास्ते मथुरा जाती थी तो बहादुरगढ़ मेट्रो स्टेशन तक ही यात्री ज्यादा रहते थे। इसके बाद यात्रियों की संख्या कम होती थी। अब जींद से बस रोहतक से होते हुए वाया केएमपी के रास्ते गुरुग्राम, सोहना, पलवल के रास्ते मथुरा जा रही है। वाया गुरुग्राम के रास्ते जाने पर आधा घंटा समय की बचत होती है। हालांकि किराया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जींद से मथुरा का किराया 330 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। वाया गुरुग्राम के रास्ते अब बस मथुरा लगभग डेढ़ से पौने दो बजे तक पहुंच जाती है और आधा घंटा ठहराव के बाद यहां जींद के लिए वापस चल पड़ती है। ऐसे में रात के समय भी बस साढ़े नौ बजे तक जींद पहुंच जाती है। हालांकि भी इससे पहले भी जींद से मथुरा जाने वाली के समय में बदलाव होता रहा है। जींद से दिल्ली और मथुरा के लिए काफी यात्री जाते हैं। वहीं मथुरा धार्मिक स्थल होने के कारण श्रद्धालुओं की भी पहली पसंद ये बस बनी हुई है। जींद के मथुरा के लिए सीधी ट्रेन सुविधा नहीं है।।

### मथुरा वाली बस चल रही वाया गुरुग्राम

जींद डिपो के डीआई जसमेर ने बताया कि इस बस से यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए जींद से मथुरा जाने वाली को अब वाया दिल्ली की जगह गुरुग्राम होकर चलाया जा रहा है। इससे यात्रियों को समय की बचत है। वहीं बस में यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है।

## मंडलायुक्त ने आंधली की सरपंच के निलंबन आदेश पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

करनाल मंडल के आयुक्त पीसी मीणा ने जिले के आंधली गांव की सरपंच परमजीत कौर के निलंबन के आदेशों पर रोक लगा दी है। अब परमजीत कौर आंधली की सरपंच बनी रहेंगी। इस मामले में कैथल उपायुक्त ने अपने 19 मार्च 2025 को जारी किए गए आदेशों में सरपंच को निलंबित करते आरोपों की जांच की जिम्मेदारी एडीसी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति को सौंपी थी।

इन आदेशों के खिलाफ सरपंच परमजीत कौर ने अपील दायर की थी। प्रारंभिक सुनवाई के बाद 26 मार्च को आयुक्त करनाल मंडल ने निलंबन पर रोक लगा कर साक्ष्यों के आधार पर फैसला लेने के आदेश आदेश पारित किए थे। उपायुक्त प्रीति ने आयुक्त के इन आदेशों के बाद गत तीन जून 2025 को सरपंच के निलंबन के 19 मार्च को जारी आदेशों के अनुरूप ज्यों का त्यों बरकरार रखते कहा था कि नियमित जांच की जाए। सरपंच इन आदेशों के खिलाफ का सिरे से अपील करनाल आयुक्त को की, लेकिन आयुक्त के विदेश दौरे व ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण सुनवाई नहीं हुई और अपील को 17 जुलाई के लिए सुनाई के लिए तय कर दिया गया।


दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।


दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर , हार्डवेयर , फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन , फिटिंग , हडीक्राफ्ट , गेम्स और ज्वेलरी , लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई



देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।

### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, "यतो धर्मस्ततो जयः" जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति** : आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन** : सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य** : सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, "मैं कर सकता हूँ।" अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत** : प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### वेद प्रकाश चुने गए सफीदों ब्लॉक प्रधान

**जींद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सफीदों के प्रधान पद व प्रैस प्रवक्ता पद का चुनाव किया जाना था लेकिन पहले से ही कार्यरत सचिव पर भरोसा जताते सर्वसम्मति से प्रधान पद पर चुनाव किया गया। वेदप्रकाश श्योकल पर शिक्षकों ने भरोसा जताया है। अजय ने बताया कि वेद प्रकाश सचिव पद पर रहते भी शिक्षकों के काम रूकने नहीं देते थे।

### वार्ड 13 में चलाया फीवर मास सर्वे

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड 13 में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फीवर मास सर्वे चलाया। अभियान के तहत वार्ड से 40 लोगों की रक्त पट्टिकाएं ली गई। स्वास्थ्य निरीक्षक सत्यवीर ने बताया कि लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया है। स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश कुमार ने कहा कि अपने आसपास पानी इक्ठठा ना होनें दें। घर में कूलर को प्रत्येक सप्ताह साफ करें। पानी की टंकी और फ्रीज को नियमित रूप से साफ रखें।

### एल्युमनाई एसो चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी

**जींद।** राजकीय कालेज के एल्युमनाई एसो द्वारा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। चुनाव अधिकारी डा. युद्धवीर रेढू ने बताया कि एल्युमनाई एसोसिएशन रा. कालेज के 113 सदस्य हैं। एसो में प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सयुंक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों पर चुनाव की समय सारिणी निर्धारित की गई है। वोटर लिस्ट का प्रकाशन 14 जुलाई को किया जाएगा।

### रामनिवास खरकभूरा के निधन जताया शोक

**उचाना।** उचाना खरकभूरा गांव पहुंच कर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने हरियाणा रोडवेज कर्मचारी नेता रामनिवास खरकभूरा के निधन पर शोक प्रकट किया। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि ये परिवार के साथ-साथ उनके लिए भी बड़ी क्षति है जो कभी पूरी नहीं हो सकती है। रामनिवास खरकभूरा मिलनसार स्भाव का मेहनती युवा था।

### दीपक जैन बने अणुव्रत समिति के प्रधान

**उचाना।** पुरानी मंडी स्थित तेरापंथ जैन भवन में जैन समाज की मीटिंग हुई। इसका आयोजन अणुव्रत समिति के गठन को लेकर किया गया। सर्वसम्मति से वार्ड नंबर सात के पार्षद दीपक जैन को प्रधान कृष्ण जैन कापड़ो को मंत्री चुना गया। दीपक जैन ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठा से निभाने का काम करेंगे। जल्द अणुव्रत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। अणुव्रत समिति का मुख्य उद्देश्य नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना एवं समाज हित में कार्य करना है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को बांटे चश्में

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरतमंदों को चश्में भेंट किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र रोग अधिकारी रविंद्र ने कहा कि जिन लोगों की नजदीक की दृष्टि कमजोर हो ऐसे लोगों को कैंप लगाकर चश्में भेंट किए गए हैं। कैंप में 400 लोगों को निशुल्क चश्में दिए गए हैं। आंखों की समय समय पर जांच अवश्य करवाएं।

### दो युवती लापता, अपहरण का केस दर्ज, तीन नामजद

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से नाबालिग समेत दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ अपहरण के मामले दर्ज किए हैं। शहर थाना इलाका की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### सरकार करे लए लेबर कोड रदः माकपा

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) राज्य कमेटी हरियाणा ने 9 को हुई सफल हड़ताल के लिए मज़दूर वर्ग को बधाई दी है। राज्य सचिव प्रेम चंद ने प्रेस के नाम विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि देश भर में हड़ताल में हरियाणा सहित 25 करोड़ मेहनतकश तबकों ने भाग लिया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि पुलिस ने कई जगहों पर लाठीचार्ज किया।

## शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मांगी सुख समृद्धि की कामना

# सावन माह के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भोले के भक्तों की भीड़

### जयंती देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया भगवान आशुतोष का रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जयंती देवी मंदिर में रूद्राभिषेक के दौरान पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

सावन माह के पहले दिन की शुरूआत शुक्रवार से हुई। मंदिरों में भगवान आशुतोष के जलाभिषक को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में जुट गए। शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आए। श्रद्धालु दूध-पानी व अन्य सामग्री शिवलिंग पर चढ़ाते हुए देखे गए। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि शिव पुराण में वर्णित श्रावण मास भगवान शिव का मास हैं। पूरे श्रावण मास में भगवान आशुतोष की नियमित रूप से सच्चे हृदय व मन से पूजा करते है उसके सारे कष्ट व पाप दूर हो जाते है। जो श्रद्धालु पूरे श्रवण मास में सच्चे मन से जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करता है उस पर भगवान आशुतोष की विशेष कृपा होती है। इस मास में पंचामृत के द्वारा भगवान शिव का नियमित पूजा करनी चाहिए। दूध, दही, शहद, शक्कर, घी से महादेव की पूजा करनी चाहिए। शिव पर दूध का अभिषेक करने से शकल मनोरथ सिद्ध होते है। उन्होंने कहा कि जो भक्त पूरे श्रवण मास में भगवान शिव को सहस्त्र नाम से बेल पत्र अर्पण करता है, उसे अनंत फल की प्राप्ति होती है। जयंती देवी मंदिर में जयकारों के बीच हुआ शिवजी का रूद्राभिषेक : हर-हर महादेव के जयकारों के साथ सावन माह के पहले दिन पौराणिक जयंती देवी मंदिर में शिवलिंग का भव्य तरीके से रूद्राभिषेक किया। भगवान शिवजी को दूध-दही, शहर, गंगाजल, घी से नहला कर और फल तथा फूल चढ़ा कर सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने मनोकामना मांगी। मंदिर के पुजारी पंडित नवीन शास्त्री ने बताया कि सावन माह के इन पवित्र दिनों में प्रत्येक दिन सुबह रूद्राभिषेक होगा। सावन माह के सोमवार को या फिर किसी भी दिन नहा धोकर दूध, दही, शहद, गंगाजल, घी से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करें। इसके बाद जनेऊ, वस्त्र, भांग, धतूरा, बेलपत्र, सुपाड़ी, पान के पत्ते, फूलमाला, फल आदि भगवान शिव को अर्पित कर सकते हैं। फिर ओम नमः शिवाय का जाप 108 या फिर 1008 बार करना है। आखिर में शिव की आरती और परिक्रमा कर रुद्राभिषेक के फल की प्राप्ति कर सकते हैं। सावन माह के दौरान भगवान विष्णु शयन में होते हैं, इसलिए भगवान शिव ही सृष्टि के संचालक होते हैं। शिव जल के देवता हैं, इसलिए सावन में अनेक प्रकार से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया जाता है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जनेऊ, वस्त्र, भांग, धतूरा, बेलपत्र, सुपाड़ी, पान के पत्ते, फूलमाला, फल आदि भगवान शिव को अर्पित कर विश्व शांति के लिए प्रार्थना भी की।

# नशा न करने बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** युवाओं को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एसपी आस्था मोदी ने बताया शुक्रवार को नशा मुक्ति टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार द्वारा जाट स्कूल कैथल, नेशनल स्कूल कैथल, सनराइज स्कूल कुतुबपुर, सरकारी स्कूल कुतुबपुर, रामा स्कूल कुतुबपुर में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या बनता है। विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग करें, पढ़ाई और खेलों में रुचि लें और अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन करें। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे खुद तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने परिवार व आस-पड़ोस में भी लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें।



**जींद।** सर्टिफिकेट वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आरपीएल ट्रेनिंग के सर्टिफिकेट वितरित

**जींद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे उनके कार्य में कुशलता आएगी। कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा शुक्रवार को जल जीवन मिशन के तहत आरपीएल ट्रेनिंग के 150 कर्मचारियों को प्रशिक्षण शिविर के सर्टिफिकेट वितरित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिला सलाहकार रणधीर मताना, खंड समन्वयक सुरेन्द्र नरवाल, दिनेश मलिक, बलवान सिंह, सुरेंद्र दुग्गल, कुशल शर्मा व सोमलता सैनी सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यकारी अभियंता ने कहा कि कर्मचारियों को कार्य में कुशलता के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। विभाग द्वारा 150 कर्मचारियों को विश्वकर्मा स्किल युनिवर्सिटी दुधोला पलवल द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया था। इस कायक्रम के बाद कर्मचारियों की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में पास होने वाले कर्मचारियों के लिए युनिवर्सिटी द्वारा सर्टिफिकेट जारी किए ।

### सुशील अध्यक्ष, चंद्रभान संयोजक और रमेश सिंगला बने महासचिव

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल द्वारा समाज संगठन को सशक्त बनाने और सामाजिक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से पिल्लूखेड़ा खंड की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुडे व्यपारी नेता सुशील जैन को एक बार फिर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज पिल्लूखेडा खंड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुशील जैन पिछले कई साल से प्रधान की जिम्मेवारी संभालते आ रहे हैं। इसके साथ-साथ समाजसेवी चंद्रभान गर्ग को संयोजक और युवा नेता रमेश सिंगला को महासचिव नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के निर्देश पर जोन प्रभारी सावर गर्ग द्वारा की गई है। गोयल ने बताया कि ये नियुक्तियां समाज में संगठनात्मक मजबूती लाने और सेवा कार्यों को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु की हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर अपनी कार्यकारिणी का गठन करें और समाज हित में योजनाबद्ध ढंग से कार्य प्रारंभ करें।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गाँव तारांवाली के प्राथमिक विद्यालय तारांवाली में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। रेडक्रॉस जूनियर काउंसलर एवं शिक्षक गुरदीप उरलाना ने बच्चों को बढ़ती जनसंख्या के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को विश्व जनसंख्या दिवस के बारे बताते हुए कहा लगातार बढ़ रही जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती जनसंख्या के कारण भूखमरी, गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।इसलिए जनसंख्या को नियंत्रण करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।विद्यालय के मुख्यशिक्षक लखविंदर सिह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। इस दौरान बच्चों ने विश्व जनसंख्या दिवस पर सुलेख प्रतियोगिता व ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लिया।जिसमें ड्राइंग प्रतियोगिता में चौथी कक्षा के सुखजोत सिह ने प्रथम स्थान व अर्जुन ने द्वितीय और सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा की मनसिरत कौर ने प्रथम,वरदान बख्शी ने द्वितीय और कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में बच्चों को जानकारी देते शिक्षक।



**कैथल।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर झूमते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भावपूर्ण प्रस्तुति से मोहा सबका मन

**कैथल।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा शुभम पैलेस में एक भव्य भजन संध्या "म्यूजिकल इवनिंग" का आयोजन किया गया। जिसने आध्यात्मिक वातावरण में रंग भर दिए। कार्यक्रम में गुरु के चरणों में अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए अंतर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक विक्रम हाजरा पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। संस्था की स्टेट कॉर्डिनेटर कंचन सेठ, जोन कॉर्डिनेटर अल्पना मित्तल, जिला कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा एवं भारत खुराना ने बताया कि कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू होकर कार्यक्रम रात नौ बजे तक चला। शुरुआत में ब्रह्मचारी ज्ञानेश्वर ने गुरु पूजा करवाया। इसके बाद संगीतमय कार्यक्रम में भजन गायक विक्रम हाजरा ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया।

### वेतन नही मिलने पर जताया रोष

**जुलाना।** कस्बे के बीडीपीओ कार्यालय में तीन माह से वेतन नही मिलने पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना शुक्रवार को दुसरे दिन भी जारी रहा। अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के प्रधान मनफूल ने की। मनफूल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को तीन माह वे वेतन नही मिल रहा है। जिससे उन्हें काफी आर्थिक संकट से होकर गुजरना पड़ रहा है। बच्चो की पढ़ाई से लेकर रसोई खर्च चलाने में भी सफाई कर्मचारी असमर्थ हो रहे हैं। कई बार इस संबंध में शिकायत भी दी लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया। जब तक सफाई कर्मचारियों को वेतन नही मिलता तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर कर्मचारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रोष प्रकट किया। सफाईकर्मी लगातार दूसरे दिन भी धरने पर रहे और थाली बजाकर रोष प्रकट किया लेकिन कोई भी अधिकारी कर्मचारियों की सुध लने नही पहुंचा। जुलाना के बीडीपीओ और एसईपीओ छुटी पर हैं। जुलाना बीडीपीओ को एडिशनल चार्ज सफीदों के बीडीपीओ को दिया गया है लेकिन वो भी जुलाना नही पहुंचे।



**जुलाना।** बीडीपीओ कार्यालय में धरना देते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि



**जींद।** शिविर में जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### मेडिकल जांच कर बनाए सर्टिफिकेट

**जींद।** समग्र शिक्षा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला के सरकारी स्कूलों में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक पढने वाले दिव्यांग बच्चों के चिकित्सा जांच शिविर शुक्रवार को संपनन हुए। अंकुर दिव्यांग स्कूल में शुक्रवार को आयोजित शिविर में नरवाना खंड के सरकारी विद्यालयों में पढने वाले कुल 50 बच्चों की चिकित्सा जांच की गई। पात्र बच्चो के सर्टिफिकेट बनाए गए। इस जांच शिविर में नागरिक अस्पताल जींद से चिकित्सक एवं सहायक स्टाफ, रेडक्रॉस स्टाफ, लिम्को स्टाफ, समाज कल्याण विभाग स्टाफ, रोडवेज स्टाफ और सभी विशेष अध्यापक उपस्थित रहे। इन चिकित्सा जांच शिविरों का आयोजन एपीसी अशोक गौतम की देखरेख में किया गया। इन चिकित्सा जांच शिविरों का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा, जिला परियोजना संयोजक रितू पंघाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया एवं डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने किया।





**उचाना।** तंबाकू निषेध रैली को रवाना करते प्राचार्य बटुकेश्वर दत्त।

### तंबाकू निषेध रैली निकाली

**उचाना।** पीएम श्री राजकीय वमावि लोधार में तंबाकू निषेध रैली का हुआ आयोजन। मुखिया बटुकेश्वर दत ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। अध्यापकों के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने जो पीएगा शराब होगा खराब, तंबाकू की आदत जिंदगी की आफत जैसे नारे लगाते हुए लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। सरोज के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता, फाइन आर्ट प्रवक्ता स्वागत राम द्वारा विद्यार्थियों के मध्य पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। विज्ञान अध्यापक बलिंद्र गिल ने तंबाकू के हानिकारक प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि तंबाकू न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यद्यपि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां से व्यक्ति पीड़ित होता है, जिसके कारण प्रतिवर्ष हजारों व्यक्तियों की मृत्यु होती है।

# पौधरोपण के साथ देखभाल जरूरी : दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में इनर व्हील क्लब जींद द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर तेजी से बढ़ रही जनसंख्या के ऊपर जागरूकता प्रोग्राम एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इनरव्हील क्लब की संरक्षक प्रेम दलाल ने उपस्थित बच्चों एवं स्कूल स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है और इस दिवस को मनाने की घोषणा 11 जुलाई 1987 को संयुक्त राष्ट्र ने की थी और यह दिवस प्रथम बार 11 जुलाई 1990 को मनाया गया था। तब से प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को भारत वर्ष के साथ-साथ पूरे संसार में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष एक नया थीम अनाउंस किया जाता है और इस बार का जो थीम है विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करने के लिए और इस मुहिम में जोडऩे का है। इनरव्हील क्लब की अध्यक्षता रमनप्रीत कौर ने अपने संबोधन में बताया कि आज भारत की जनसंख्या बहुत ही भयावह रूप धारण कर चुकी है और वर्ष 2024 के अनुसार भारत की जनसंख्या 145.32 करोड़ है तो हमें इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है और इनर व्हील क्लब की सीनियर सदस्या विनोद कटवाल ने बढ़ते प्रदूषण के ऊपर अपनी चिंता जाहिर करते सभी से अपील की कि हमें न केवल ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए बल्कि लगाए गए पौधों की अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। क्योंकि वातावरण को शुद्ध एवं साफ करने में केवल और केवल पौधों का योगदान है। बीएस गर्ग ने इनर व्हील क्लब की आई हुई सभी सदस्यों का स्वागत किया और उन्होंने भी इस विषय पर अपने विचार रखते जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते कहा कि आज जो बेरोजगारी, अपराध, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, संसाधनों का अभाव इन सब का कारण बढ़ती हुई जनसंख्या है और उन्होंने जनसंख्या वृद्धि और पौधारोपण जैसे पुनित कार्य में इनरव्हील क्लब के योगदान की प्रशंसा की।



**नरवाना।** नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### स्वर्गीय बलबीर चंद गुप्ता को किया नमन

**नरवाना।** शिक्षक राष्ट्रपति सम्मान से अलंकृत स्वर्गीय बलबीर चंद्र गुप्ता की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए महान शिक्षाविद एसण्डीए संस्था के संस्थापक स्वर्गीय बलबीर चंद्र गुप्ता की पुण्यतिथि पर आज एसण्डीए पब्लिक स्कूल में प्राचार्य अनीता मलिक एवं सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई ट बलबीर चंद्र गुप्ता जी ताउम्र शिक्षा से जुड़े रहे उनका पूरा जीवन सनातन धर्म शिक्षा समिति के उत्थान शिक्षकों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं सकारात्मक सहयोग में लगा रहा ट आज हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा एवं संदेश लेने की आवश्यकता है ताकि हम गुरु शिक्षक का पवित्र रिश्ता एवं मिसाल कायम कर सकें उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए हमें शिक्षक के रूप में अपना योगदान कभी नहीं भूलना चाहिए।

## जिन चरणों की धूल शीश पै धरया करै भगवान, जगत म्ह ऊंची गुरु की शान

# गुरु पूर्णिमा पर कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद द्वारा ऑनलाइन काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया । इसमें हरियाणा भर के जाने-माने कवियों ने शिरकत की। विशेष उपलब्धि यह रही कि हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी की गरिमामयी उपस्थिति कवियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि अशोक जाखड़ ने की। कवि सम्मेलन में संयोजक डा. हनीफ और सूत्रधार की भूमिका में कमलेश गोयत रही। जिन्होंने बड़ी शिद्दत से कवियों की रचनाओं को क्रमवार ढंग से आमंत्रित किया और कवियों का उत्साह वर्धन भी किया। विस्तृत जानकारी देते हुए महासचिव बलराज स्नेही ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरु पूर्णिमा की पावन संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें संस्था की प्रधान शकुंतला काजल सुकून ने निदेशक को भी आमंत्रित किया और निदेशक धर्मदेव विद्यार्थी ने बड़ी उदारता के साथ इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में शिरकत की। समस्त कवियों को संबोधित किया तथा एक दुखद घटना के ऊपर अपनी काव्य रचना गुरु पूर्णिमा के दिन ही गुरु हत्या का पाप हो गया। कलयुग में शिष्य को समझाना भी अभिशाप हो गया के माध्यम से कलि काल में गुरु के घटते मान सम्मान पर चिंता व्यक्त भी की। उन्होंने एक बहुत अच्छी घोषणा यह भी की कि भविष्य में साहित्यिक गतिविधि का आयोजन करने के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से 20 हजार की जगह 50 हजार रुपये की सहयोग राशि दी जाएगी। इस पर सभी कवियों ने करतल ध्वनि के साथ निदेशक का आभार व्यक्त किया। रानी सोनिया पांचाल ने सरस्वती वंदना गाई।

### जय हिंद के मधुर नारों के साथ आभार जताया

अमरगढ़ नरवाना से जुड़े कवि राजकुमार नैन ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए गाया कि करां अरदास गुरु जी चरणों में लेट। गंगा ज्ञान बहा कै संकट सारे मेट। इसके अलावा वरिष्ठ देवीराम शर्मा, सुशीला जांगड़ा, रोहतक से पवन मित्तल आदि शामिल रहे। नूंह से डा. आशा कुमारी ने गाया गुरु की महिमा सिर्फ ज्ञान नहीं, जो किताबों में लिखा हुआ है। उन्हें देख होता है विश्वास कि किसी ने जीवन ऐसे भी जिया है। कमलेश गोयत ने अपने भजन यो जग झूठा सबका छूटया, छूटै नश्वर काया। काल बली तैं सारे हारे, जीत को, ना पाया गाकर झूठी सांसारिकता को शब्दों में पिरोया। अंत में वंदे मातरम और जय हिंद के मधुर नारों के साथ सभी का आभार व्यक्त करते प्रधान शकुंतला काजल शकुन ने निदेशक के प्रति विशेष कृतज्ञता प्रकट करते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा की।



**उचाना।** करसिंधु से डाक कांवड़ लेने के लिए रवाना होते शिव भक्त।

### डाक कांवड़ के लिए शिवभक्त रवाना

**उचाना।** गांव करसिंधु में पूजा अर्चना के बाद डाक कांवड़ लेने के लिए शिवभक्त गौमुख के लिए रवाना हुए। लीला करसिंधु की अगुवाई में 14वीं कांवड़ लेने के लिए रवाना हुए। 22 जुलाई को रात 12 बजे गौमुख से कांवड़ लेकर शिवभक्त करसिंधु गांव के लिए रवाना होंगे। इस मौके पर इस मौके पर रमेश, उग्र, अशोक, संदीप, दीपक, शैली खटकड़ मौजूद रहे। कांवड़ के महत्व के बारे में बताते हुए महाराजा अग्रेसन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने बताया कि सावन का माह भगवान शिव को सबसे प्रिय होता है। इस माह में भगवान शिव की पूजा विशेषकर सोमवार को करने से मनोकामना पूरी होती है। इस बार सावन में चार सोमवार है। हरिद्वार, गौमुख से कांवड़ लेने के लिए शिवभक्त जाते है। हरिद्वार से लेकर निर्धारित स्थान तक शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए भंडारे लगाते है। पूरा माहौल शिवमय सावन में नजर आता है। उन्होंने बताया कि कांवड़ कई तरह की होती है। झूला, बैठी, खड़ी एवं डाक कांवड़ शिवभक्त लेकर आते है। झूला कांवड़ जो लेकर आते है उस कांवड़ को पेड़ या बल्लियों पर रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### उझाना में रात्रि ठहराव कार्यक्रम 22 जुलाई को

**जींद।** नगराधीश आशीष देशवाल ने बताया कि 22 जुलाई को जिला के उझाना गांव में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गांव में पहुंचेंगे और लोगों की समस्याएं सुन कर मौके पर ही समाधान करने के प्रयास किए जाएंगे।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव पपराला में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। पपराला के बलजिंदर ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब रण सिंह गांव से जा रहा था तो 9 जुलाई को संदीप ने अपनी स्कूटी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पौधरोपण अभियान चलाने का संकल्प

**कलायत।** कलायत और राजौंद प्रखंड के विश्व हिंदु परिषद सदस्यों की सांझा कार्यक्रम तय करते हुए पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधा रोपण अभियान चलाने का संकल्प लिया है। कलायत में विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष वीरभान निर्मल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। कहा कि शुद्ध वातावरण के लिए विश्व हिंदू परिषद अपने-अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाएगा।

### भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया

**कलायत।** भगवान विश्वकर्मा मंदिर प्रबंधन कमेटी के संयोजन से अंबाला में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलायत से विश्व कर्मा युवा संगठन प्रधान एवं पार्षद प्रीत जगदेव को सम्मानित किया गया। भगवान विश्वकर्मा महापुराण उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रीत जगदेव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिकरत की।

### रास्ता रोककर की मारपीट, केस दर्ज

**कलायत।** कलायत पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव मटौर के सुमित ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 जुलाई को गांव के ही करनैल उर्फ गोल्डी, प्रशांत और रमन ने मिलकर उसका रास्ता रोकते उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे मारने की धमकी भी दी।

### गणित क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में गणितीय सोच, तार्किक क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की योग्यता और टीम भावना को विकसित करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस बनाए गए। तर्कशक्ति राउंड, गणना राउंड, रैपिड फायर राउंड आयोजित हुए। प्रत्येक राउंड में विद्यार्थियों ने अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया।

### बुजुर्गों की आंखों का टेस्ट फ्री में किया जाएगा

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेनू चावला के निर्देश अनुसार सभी एएनएम की एक मीटिंग हुई। डॉ. कीर्ति शर्मा ने बताया कि एक जुलाई से स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा दृष्टि उजाला योजना की शुरुआत की गई है। इसमें सभी सरकारी अस्पतालों में स्कूली बच्चों व बुजुर्गों की आंखों का टेस्ट फ्री में किया जाएगा।

### गांव बेगपुर में मारपीट में दो व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव बेगपुर में हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया है। गांव नौच के सुरेश ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जुलाई को जब रोहित और सुरेश गांव बेगपुर से गुजर रहे थे तो वीरेंद्र, गोलू, मनदीप ने अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी से मारपीट की।

---

### चौदह तक फिजिकल वेरीफिकेशन पंद्रह तक भर सकेंगे फीस

# आईटीआईः दाखिले को लेकर दूसरी कट ऑफ लिस्ट जारी

**रिक्त सीटों के लिए 16 से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा खोलेगा पोर्टल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर शुक्रवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आया है, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए 16 जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला जाएगा। जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा। वह विद्यार्थी 26 जुलाई तक आईटीआई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा। गौरतलब है कि जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। वहीं कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई में विभिन्न 26 ट्रेड में निर्धारित 944 सीटों पर पहली मेरिट सूची में 666 विद्यार्थियों का नाम आया था। इसमें से पहली मेरिट लिस्ट में 255 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया था और 689 सीट खाली बची हुई थी। अब दूसरी मेरिट लिस्ट में 344 विद्यार्थियों का नाम आया है। जिन्हें दाखिला सुनिश्चित करने के लिए 15 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी। राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने कहा कि अभ्यर्थियों को संस्थान द्वारा मोबाइल संदेशों और फ ोन कॉल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जा रहा है ताकि सभी चयनित विद्यार्थी समय पर दस्तावेज सत्यापन और फी स भुगतान कर सकें। तीसरी मेरिट लिस्ट 22 जुलाई को जारी की जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जो प्रथम और द्वितीय सूची में चयनित नहीं हो सके, उन्हें तीसरी सूची में अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए राजकीय आईटीआई में हेल्प डेस्क लगाए गए हैं।

**रा .आईटीआई जींद की दूसरी लिस्ट**

| ट्रेड | मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या | उच्चतम मेरिट | न्यूनतम मेरिट (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 24 | 105 | 64.2 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्राम अस्सिटेंट | 19 | 100 | 70.8 |
| वायरमैन | 19 | 89.8 | 62 |
| फीटर | 15 | 91.6 | 61.6 |
| स्टेनो हिंदी | 20 | 102 | 63.2 |
| मैकेनिकल डीजल | 07 | 82.6 | 52.6 |
| आरएसी | 11 | 83 | 54 |
| स्टेनो अंग्रेजी | 21 | 84.6 | 55.67 |
| इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | 23 | 80 | 59 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल ड्यूल एच | 05 | 79.6 | 51.8 |
| प्लंबर | 22 | 83.8 | 56 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल 9 | 82.2 | 61.2 | |
| मशीनिस्ट | 20 | 77.8 | 58 |
| टर्नर | 11 | 67.8 | 58.6 |
| ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 9 | 75.2 | 62.4 |
| वेल्डर ड्यूल एच | 15 | 68.6 | 51.2 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 16 | 66.4 | 51.8 |
| टीपीईएस | 07 | 66.2 | 59 |
| फीटर ड्यूल एच | 04 | 75.6 | 62.2 |
| पेंटर | 07 | 69 | 51.4 |
| ड्रेस मेकिंग | 02 | 87 | 62 |
| मैकेनिक डीजल ड्यूल एच | 07 | 76.6 | 64 |
| जीओ इनफोर्मेटिक असिस्टेंट | 26 | 77.8 | 56 |
| वुड वर्क टेक्नीशियन | 11 | 62.8 | 45.17 |
| स्यूइंग टेक्नॉलोजी | 05 | 63.4 | 44.8 |
| मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल | 09 | 73.4 | 63 |

---

# ग्राम पंचायत मांझला नशा मुक्त सरपंच माया कौर ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

जिला कैथल में नशा मुक्ति अभियान पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशानुसार डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल की अगुवाई में चलाया जा रहा है, पुलिस प्रशाशन की टीम ने गाँव माझला में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। हरियाणा राज्य में नशा उन्मूलन की दिशा में एक बड़ी सफलता तब सामने आई जब ग्राम पंचायत मांझला को नशा मुक्त गांव घोषित किया गया। इस अवसर पर गांव में पहुंची नशा मुक्ति टीम के साथ मिलकर सरपंच माया कौर ने यह जानकारी दी कि गांव मांझला में किसी भी प्रकार का नशा न तो बिकता है और न ही कोई इसका सेवन करता है। सरपंच माया कौर ने बताया कि "गांव मांझला में न तो स्मैक, अफीम, चिट्टा जैसी घातक नशीली चीजें उपलब्ध हैं और न ही कोई इनका सेवन करता है। समय-समय पर नशा मुक्ति टीम और उनके अधिकारी गांव का दौरा करते रहते हैं, जिससे हर किसी को जागरूक किया जा सके और युवाओं को सही दिशा मिल सके। गांव में नियमित रूप से नशा मुक्ति टीम के अधिकारी कर्मवीर द्वारा निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया।



सीवन। गांव माझला में जनता के बीच पहुंचे पुलिस कर्मी व सरपंच।

---

# पर्यावरण संरक्षण व जनमानस की खुशहाली के लिए पौधरोपण जरूरी

- राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

राजकीय महाविद्यालय नरवाना की ?राष्टीय सेवा योजना के भूतपूर्व विद्यार्थियों एवं अन्य समाजसेवियों के सहयोग से जयपाल सिंह आर्य के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम दादा पोता वाटिका अभियान में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम गांव हथों धरोदी कान्हा खेड़ा फूलिया कलां फूलिया खुर्द इस्माईलपुर एवं नरवाना के बसंत बिहार इत्यादि क्षेत्रों आयोजित कर 170 पौधों का प्रत्यारोपण किया गया। जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली और खुशहाली के लिए आम जनमानस को प्रकृति के साथ संस्कृति का समायोजन करते पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। वर्षा काल में पेड़ पौधे और वनस्पति जल संरक्षण में अहम योगदान करते हैं। खेत क्यार में अधिक से अधिक फल फूल छायादार औषधीय पौधों का प्रत्यारोपण तापमान नियंत्रण और वर्षा में सहायक सिद्ध होगा। दादा पोता वाटिका के अंतर्गत पौधा लगाने से अपनी कुल की परंपराओं को बढ़ाने से सांस्कृतिक एसामाजिकएधार्मिक उत्तरदायित्व सफल होगा। सहजन के पौधों को खेत में प्रत्यारोपण करने से भूमि के पोषक तत्वों में सर्वाधिक वृद्धि होती है।



नरवाना। पौधे रोपते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

---

# रिटायर्ड कर्मियों को दिया जाए आठवें वेतन आयोग का लाभ

- पंद्रह जुलाई को उपायुक्त कार्यालय पर धरना देंगे रिटायर्ड कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्थानीय अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला कमेटी की बैठक प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। बैठक में महेन्द्र सिंह, मा. होशियार सिंह, सतबीर सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। जिला प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि गत 25 मार्च को संसद में जो वित्त विधेयक पारित किया है। इसको लेकर रिटायर्ड कर्मचारियों और अधिकारियों में बहुत अधिक रोष है। कहा कि यह विधेयक रिटायर्ड कर्मचारियों व अधिकारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करता है। उस विधेयक के विरोध में आगामी 15 जुलाई को आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पैंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में जिला स्तरीय धरने व प्रदर्शन किए जाएंगे। जिला जींद के रिटायर्ड कर्मचारी व अधिकारी भी 15 जुलाई को सुबह 10 बजे उपायुक्त कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन करेंगे ताकि आठवें वेतन आयोग के लाभ मिल सकें। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांग की कि बढ़ती आयु के साथ पेंशन बढ़ोत्तरी की जाए।




जींद। बैठक करते हुए रिटायर्ड कर्मचारी।

---



नरवाना। सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### गुरु पूर्णिमा पर संजय भारद्वाज को किया सम्मानित

**नरवाना।** वीरवार गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपने असीम योगदान के लिए शिक्षाविद मांगेराम व शिक्षाविद संजय भारद्वाज को पटका पहनकर व गुरु वंदन छात्र अभिनंदन सम्मान से सम्मानित कर उनका आशीर्वाद लिया। शिक्षाविद संजय भारद्वाज ने शिक्षा के बदलते हुए प्रारूप पर सदस्यों से बातचीत की वहीं दूसरी ओर शिक्षाविद मांगेराम द्वारा स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले संस्कारों के स्तर में गिरावट पर चर्चा की और केशव शाखा द्वारा सेवा और संस्कारों को लेकर किए जाने वाले प्रोग्राम की प्रशंसा करते हुए आगे भी इन्हें निरंतर करने के लिए प्रोत्साहित किया इस मौके पर उनके साथ अध्यक्ष प्रदीप गर्गए सचिव नाथूराम गोयलए वित सचिव अभिनव गुप्ताए सम्मानित सदस्य पंकज खट्टरए पंकज चौधरी एवं डॉ संदीप गिल रहे उपस्थित।

---

# बच्चों के व्यवहार और समस्याओं पर आधारित केस स्टडीज पर चर्चा की



पूंडरी। ध्रुव स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रोग्रेसिव मॉम्स क्लब की सदस्याएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर द्वारा कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों की माताओं के लिए प्रोग्रेसिव मॉम्स क्लब कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को बच्चों के व्यवहार, उनकी समस्याओं और उनके समाधान के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान बच्चों के व्यवहार और समस्याओं पर आधारित केस स्टडीज पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने माता-पिता की भूमिका, बच्चों के मानसिक व सामाजिक विकास, अनुशासन, और सकारात्मक पालन-पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अपने अनुभव साझा किए और बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रवीन ढिल्लों ने माताओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बच्चों के व्यवहार को समझने और उनके साथ संवाद बनाने में एक सक्रिय भूमिका निभाएं।

---

# महाराज दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत स्थित प्रजापति चौपाल में महाराज दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इसकी शुरुआत हवन और पूजा-अर्चना से हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका पूर्व उप प्रधान राम सिंह प्रजापति ने शिरकत की। प्रजापति ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति का जीवन संघर्ष, निष्ठा और कर्तव्य परायणता का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेरणा देती हैं और सदैव मार्गदर्शक बनी रहेंगी। समारोह में नगर पालिका पार्षदों को महाराजा प्रजापति दक्ष के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक वातावरण में एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया। पार्षद कुमारी रेणू धानियां, नंबरदार संजय सिंगला, कुलदीप दहिया, रवींद्र बंटी निर्मल, महीपाल पंवार, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा और विनोद जेष्ठ ने कहा कि महान विभूतियों को सम्मान देने के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर जरूरी हैं। इससे सामाजिक भावना को मजबूती मिलती है।



कलायत। कलायत में महाराजा दक्ष प्रजापति की वंदना करते कार्यक्रम के आयोजक-संयोजक। फोटो :हरिभूमि

---

### नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन 13 को

**कैथल।** नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ जिले के अध्यक्ष अशोक सहारण ने बताया कि नॉर्थ जोन राष्ट्रीय चैंपियनशिप ( 2025-26) जो 25 से 27 जुलाई तक डीडी स्कूल याकूबपुर, झज्जर में होगी और चौथी सीनियर फास्ट नेटबॉल चैंपियनशिप( 2025-26) दूसरी सीनियर मिक्स्ड नेटबॉल चैंपियनशिप (2025-26) जो 28 अगस्त से 31 अगस्त को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, पलवल में होना जा रही है। सभी चैंपियनशिप में हरियाणा नेटबॉल की दोनों वर्ग की टीमें चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इन सभी चैंपियनशिप के लिए ट्रायल/ कैंप 13 जुलाई श्याम 4:00 बजे से राजीव गांधी स्टेडियम,रोहतक में शुरू होगी ।खिलाड़ी ट्रायल देकर कैंप का हिस्सा बन सकते हैं। ट्रायल के लिए खिलाड़ी नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया 2025-26 की रजिस्ट्रेशन नंबर स्लिप एवं आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

---

# महर्षि वेदव्यास ने कठोर तपस्या से दिव्य ज्ञान प्राप्त किया थाः बालमुकुंद

- श्रद्धालुओं ने लिया ज्ञान का अमृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गीता भवन पूंडरी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आध्यात्मिक वातावरण में कथा आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य यजमान दीपक सिंगला एवं उनकी धर्मपत्नी पायल सिंगला ने भाग लिया और विधिवत पूजन-अर्चना किया। कार्यक्रम में कथावाचक पंडित बालमुकुंद ने श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा के महत्व से अवगत कराते कहा कि यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है और इसका गहरा संबंध महर्षि वेदव्यास से है। उन्होंने वेदों, पुराणों और महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना की, इसलिए उन्हें सनातन धर्म का प्रथम गुरु माना जाता है। पंडित जी ने एक पौराणिक कथा का उल्लेख करते बताया कि किस प्रकार महर्षि वेदव्यास ने कठोर तपस्या के माध्यम से दिव्य ज्ञान प्राप्त किया, और उसी तप व ज्ञान के प्रतीक स्वरूप इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह दिन गुरुओं के सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरु महिमा से ओतप्रोत भजन, प्रवचन और कथा का रसास्वादन किया।



पूंडरी। गीता भवन पूंडरी में गुरु पूर्णिमा कथा आयोजन में भाग लेते श्रद्धालु।

---

### कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना

# इंडस पब्लिक स्कूल में पेपर बैग-डे सेलिब्रेशन

- कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल असेंबली का भी आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में पेपर बैग डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक के स्थान पर कागज के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने खुद अपने हाथों से रंग बिरंगे और आकर्षक पेपर बैग बनाए। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल असेंबली का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को पेपर के महत्व के बारे में समझाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पेपर से संबंधित स्पीच व कविताएं सुनाई। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और संकल्प किया कि वह भविष्य में अधिक से अधिक पेपर बैग का उपयोग करेंगे और अपने बड़ों को भी इसे अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगा कर और प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए पेपर बैग व कपड़े के थैले को अपनाते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दे सकते हैं।





जींद। इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में पेपर बैग बनाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

---

# सीएम के साथ हाफ मैराथन में हजारों लोग कदम से कदम मिलकर दौड़ेंगे कल : हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि विकास पुरुष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हम सभी को पीएम मोदी और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास का मंत्र लेकर जन-जन तक बार-बार पहुंचना है। कहा कि 13 जुलाई को कैथल में आयोजित की जा रही हाफ मैराथन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ड्रग्स को पीछे छोड़ें, कैथल के संग दौड़ें के मूल मंत्र के साथ ड्रग फ्री हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेश के साथ हजारों धावक कदम से कदम मिलाकर दौड़ेंगे। कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते उन्होंने ने कहा कि भाजपा ने लोगों में विश्वास पैदा किया है और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया है। कार्यकर्ताओं की सामूहिक मेहनत का परिणाम है कि बीजेपी ने हर चुनाव में शानदार तरीके से जीत दर्ज की। हमें अपने बूथों को और अधिक मजबूत बनाना है साथ ही भाजपा की विचारधारा व प्रतिबद्धता को सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी बनाने के लिए और अधिक परिश्रम करना है। 11 वर्षों में हरियाणा की नायब सरकार ने रिकार्ड तोड़ उपलब्धियां हासिल कर जनहित में ऐतिहासिक कार्य किए है।



हिमांशु गोयल